**भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान,**
**खण्डवा रोड, इंदौर-452001**

**फाइल क्रमांक: प्रेस एवं पब्लिसिटी/प्रेस नोट/ 2022/7 दिनांक : 16.05.2022**

## दिनांक 16.05.2022 की प्रेस वार्ता
## "अखिल भारतीय समन्वित सोयाबीन अनुसन्धान परियोजना" की वार्षिक समूह बैठक का आयोजन
**(17-18 मई 2022)**

भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान द्वारा सोपा ऑडिटोरियम, मालवीय नगर इंदौर में दिनांक 17 एवं 18 मई 2022 को अखिल भारतीय समन्वित सोयाबीन अनुसन्धान परियोजना की वार्षिक समूह बैठक का आयोजन किया जा रहा हैं. इस परियोजना के अंतर्गत देश के विभिन्न क्षेत्रो/राज्यों समेत सम्पूर्ण देश में स्थापित केन्द्रों के माध्यम से विगत वर्ष किये गए अनुसन्धान कार्यों के निष्कर्षों की समीक्षा एवं आगामी वर्ष किये जाने वाले प्रस्तावित अनुसन्धान कार्यक्रमों के नियोजन हेतु आयोजित इस बैठक में लगभग 150 सोयाबीन वैज्ञानिक, प्रजनक, कृषि विभाग के अधिकारी तथा भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् के शीर्ष अधिकारी भाग लेंगे. इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् के मुख्यालय से उपमहानिदेशक (फसल विज्ञान) डॉ तिलक राज शर्मा, सहायक महानिदेशक (तिलहन एवं दलहन) डॉ. संजीव गुप्ता, सहित सोयाबीन फसल से जुड़े कई कई जाने-माने वैज्ञानिक विभिन्न तकनिकी सत्रों की अध्यक्षता कर सोयाबीन अनुसन्धान कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाने हेतु मार्गदर्शन देंगे.

इस वार्षिक बैठक में अनुसन्धान कार्यक्रमों की समीक्षा एवं आगामी वर्ष के लिए तकनिकी कार्यक्रम के निर्धारित लक्ष्यों के नियोजन के साथ-साथ भारतवर्ष के लिए वर्तमान में प्रचलित सोयाबीन की नवीनतम एवं प्रचलित किस्मों के बीज उत्पादन कार्यक्रम के लिए भी लक्ष्यों का निर्धारण किया जायेगा. इस वार्षिक बैठक में मध्य क्षेत्र समेत सम्पूर्ण भारतवर्ष के लिए कई सोयाबीन की किस्मों की अनुशंसा किया जाने की सम्भावना हैं. इसके लिए विशेष रूप से गठित किस्म पहचान समिति की बैठक भी दिनांक 17 मई को प्रस्तावित हैं जिसमे देश भर के सोयाबीन प्रजनकों से प्राप्त सोयाबीन किस्मों की पहचान एवं क्षेत्रवार अनुशंसा हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा उपरांत नोटिफिकेशन हेतु अनुशंसा की जाएगी.

नीता खांडेकर Nita Khandekar,
निदेशक (कार्य.) भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान, इंदौर
Acting Director, ICAR-IISR, Indore